हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 27 फरवरी 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 14. 0 डिग्री

पलास, चुकंदर एवं पालक के पत्तों से हर्बल गुलाल बना रही समूह की महिलाएं
4



## खबर संक्षेप

### शासकीय बाल देखरेख संस्थाओं में भर्ती के लिए आवेदन 16 तक

**जांजगीर-चांपा।** भारत शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा स्वीकृत मिशन वात्सल्य योजना के प्रावधानों एवं स्वीकृति अनुसार योजना के क्रियान्वयन हेतु शासकीय बाल देखरेख संस्थाओं के विभिन्न संविदा पदों पर भर्ती के लिए पात्र आवेदकों से 16 मार्च तक आवेदन आमंत्रित किये गये है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि आवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी व जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग पर स्पीड पोस्ट, रजिस्टर्ड डाक, कोरियर के माध्यम से आमंत्रित किया गया है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

### पुरानी रंजिश को लेकर प्राणघातक हमला, महिला समेत 4 गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** पुरानी रंजिश को लेकर हत्या करने की नियत से प्राणघातक हमला करने के मामले में एक महिला समेत 4 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला बम्हनीडीह थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में बम्हनीडीह पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 26 फरवरी की सुबह करीब 7 बजे पुरानी रंजिश को लेकर अशोक सहिस, किशन सहिस, संतोष सहिस, जय लाल सारथी, ललिता सहिस को भरत निराला द्वारा टंगिया से व कृष्ण कुमार, बल्लू, गीता निराला द्वारा डण्डा से एक राय होकर हत्या के नियत से मारपीट की गई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। इसके बाद सभी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

## बिजली बिल वसूलने मंडल की 23 टीमें निकली, अकलतरा क्षेत्र में चला अभियान

# काटे 183 कनेक्शन, 187 से 37 लाख की वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

विद्युत विभाग ने बकायादार उपभोक्ताओं के खिलाफ विशेष अभियान चलाया। नोटिस के बाद भी बिल का भुगतान नहीं करने वाले 183 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे गए। कुल 23 टीमों ने घुम घुमकर अकलतरा क्षेत्र में कार्रवाई की।

विद्युत विभाग द्वारा बुधवार 25 फरवरी को वृत्त स्तरीय मास डिस्कनेक्शन अभियान चलाया गया। अभियान के तहत सक्ती एवं चांपा संभाग के सहायक व कनिष्ठ अभियंताओं को शामिल करते हुए कुल 23 टीमों का गठन किया गया। विद्युत विभाग द्वारा अकलतरा क्षेत्र के 616 बकायादार उपभोक्ताओं की सूची तैयार की गई थी, जिन पर कुल 124.63 लाख रुपये का बकाया दर्ज था। अभियान के दौरान 183 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन विच्छेदित किए गए, जिन पर लगभग 40.50 लाख रुपये बकाया था। वहीं कार्रवाई के दौरान 187 उपभोक्ताओं से 37.03 लाख रुपये की वसूली भी की गई। विभागीय अधिकारियों के अनुसार अकलतरा क्षेत्र में लगभग 41 हजार सक्रिय उपभोक्ताओं पर कुल 61 करोड़ रुपये का बिजली बिल बकाया है। उपभोक्ताओं द्वारा भुगतान में रुचि नहीं दिखाने के कारण विभाग को कड़ी कार्रवाई करनी पड़ रही है। यह डोर-टू-डोर कनेक्शन विच्छेदन की तीसरी बड़ी कार्रवाई बताई गई है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि दो माह से अधिक समय तक बिल भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे जा रहे हैं और आगे भी यह कार्रवाई जारी रहेगी। साथ ही बिजली चोरी, मीटर बाईपास, अवैध लाइन उपयोग जैसे मामलों में संबंधित उपभोक्ताओं के खिलाफ पंचनामा, एफआईआर तथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से समय पर बिजली बिल जमा कर अनावश्यक कानूनी कार्रवाई से बचने की अपील की है।



कनेक्शन विच्छेद करते विभाग के कर्मचारी।

### तेज रफ्तार कार की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौत

**जांजगीर-चांपा।** तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार युवक को ठोकर मार दी। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं अस्पताल ले जाते वक्त उसकी मौत हो गई। घटना नवागढ़ थाना क्षेत्र के जगमहंत-बुढेना के मध्य की है। इस संबंध में नवागढ़ पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार 26 फरवरी को पामगढ़ विकासखंड के ग्राम जेवरा का रहने वाला युवक विनय सागर अपने परिजनों के साथ नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम चौराभाटा में रिश्तेदार के यहां छठी कार्यक्रम में शामिल होने आया था। परिजनों का कहना है कि बाइक में पेट्रोल डालने की बात कहते हुए निकला था। वही राहगीर ने देखा कि एक सफेद रंग की तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को ठोकर मारी और मौके से जांजगीर की ओर फरार हो गया है। सड़क दुर्घटना की सूचना डायल 112 की टीम को मिली तो मौके पर पहुंच कर घायल को उपचार के लिए सीएचसी अस्पताल नवागढ़ में भर्ती करने के लिए ले जाया रहा था, जहां बीच रास्ते में उसने दम तोड़ दिया। नवागढ़ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। आगे की जांच पड़ताल की जा रही है सीसीटीवी कैमरे के आधार पर वाहन की पहचान में पुलिस लगी हुई है।

# खेत गिरवी रखने के नाम पर 3 लाख की धोखाधड़ी, आरोपी पकड़ा गया

## मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम कोसा का मामला

.हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

खेत गिरवी रखने के नाम पर 3 लाख रुपए की धोखाधडी करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम कोसा का है।

इस संबंध में मुलमुला पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया भूरी बाई कुर्रे, निवासी मस्तुरी जिला बिलासपुर ने थाना मुलमुला में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी बहन सुकवारा बाई, निवासी ग्राम कोसा, ने बताया था कि गांव का एक व्यक्ति घरेलू खर्च के लिए अपनी निजी भूमि गिरवी रखना चाहता है और उसे तीन लाख रुपये की आवश्यकता है। प्रार्थिया उक्त बातों में आकर ग्राम कोसा निवासी राजालाल बर्मन की भूमि, कुल रकबा 1.829 हेक्टेयर को गिरवी रखने के लिए 26 फरवरी को पामगढ़ तहसील में 100 रुपये के स्टाम्प पेपर पर नोटरी के माध्यम से इकरारनामा तैयार कर तीन लाख रुपये नगद दिए। अनुबंध के अनुसार रकम वापसी तक प्रार्थिया भूमि पर कृषि कार्य करती रही। कुछ समय पश्चात जब दोबारा खेती का मौसम आया तो आरोपी ने न तो रकम वापस की और न ही खेत में बोआई करने दिया। जानकारी लेने पर पता चला कि आरोपी ने बिना प्रार्थिया को सूचना दिए उक्त भूमि किसी अन्य व्यक्ति को रजिस्ट्री कर बेच दी है। प्रार्थिया द्वारा कई बार पैसा वापस मांगने पर आरोपी टालमटोल करता रहा तथा धमकी भी देता था। रिपोर्ट पर थाना मुलमुला थाना में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने आरोपी को 26 फरवरी को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपराध स्वीकार किया। आरोपी के कब्जे से 2 हजार रुपये नगद जप्त किए गए। आरोपी के विरुद्ध धारा 318(2) बीएनएस के तहत पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

# निर्माणाधीन टोल प्लाजा में चोरी करने वाले गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

निर्माणाधीन टोल प्लाजा के टीएलसी रूम से 6 नग बैटरी चोरी करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल दाखिल कर दिया है। मामला बलौदा थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी आशीफ कुरैशी निवासी बलौदा ने 25 फरवरी को रिपोर्ट दर्ज कराया कि भारत माला निर्माणाधीन फोर लेन रोड किलोमीटर 29+100 आरएचएसएस टोल प्लाजा के टीएलसी रूम से अज्ञात चोरो के द्वारा 6 नग 12 वोल्ट की बैटरी एमरॉन क्वेंटा कंपनी किमती 27 हजार रूपये को कमरे का ताला तोड़कर चोरी कर ले गये है। थाना बलौदा पुलिस द्वारा घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर चारपारा निवासी संदेही समीर पटेल, उमेश सिंह कंवर उर्फ लच्छू, सुनील कंवर को हिरासत मे पूछताछ की गई। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# चाकू से वारकर हत्या का प्रयास, आरोपी को 14 वर्ष का कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

चाकू से वारकर हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी को 14 वर्ष का कारावास एवं 1 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। उक्त फैसला प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश शैलेन्द्र चौहान ने सुनाया है।

अभियोजन पक्ष से मिली जानकारी के अनुसार अमृतलाल नायक ग्राम तरौद के राईस मिल में सुपरवाईजर का काम करता था। वह 24 नवंबर की रात्रि करीब 9.30 बजे काम से वापस घर आया था और 9.45 बजे उसका भाई खाना खाकर घर से बाहर घूमने निकला था। 25 नवंबर को सुबह अमृतलाल नायक रोड पर खून से लथपथ पड़ा मिला। अमृतलाल के सिर में चोट लगी थी। मामले में मुलमुला पुलिस ने धारा 296, 115 (2) बीएनएस का दर्ज कर विवेचना में में लिया तथा विवेचना पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। न्यायाधीश ने आनंदराम भैना पिता स्व. समेलाल भैना उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम खपरीटांड थाना मुलमुला को धारा 109 के अपराध के लिए 14 वर्ष के कठोर कारावास एवं 1 हजार अर्थदण्ड से दंडित किया। अर्थदण्ड की राशि अदा नहीं करने पर उसे 1 माह का कठोर कारावास अलग से भुगताये जाने का आदेश न्यायालय द्वारा दिया गया है।



# उरगा में कोरबा पावर ने 500 मीटर सीसी रोड निर्माण का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के ग्राम पंचायत उरगा में बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में अदाणी फाउंडेशन ने एक और महत्वपूर्ण पहल की है। कोरबा पॉवर लिमिटेड के सामाजिक सहभागिता के मद से 500 मीटर लंबी सीमेंट कान्क्रीट (सीसी) सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन बुधवार को संपन्न हुआ। इस सड़क के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में हो रही समस्याओं से राहत मिलने की उम्मीद है। विशेष रूप से बरसात के दौरान कीचड़ और जलभराव की परेशानी से निजात मिलेगी, जिससे ग्रामीणों की दैनिक गतिविधियां सुगम हो सकेंगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में ग्राम पंचायत उरगा की सरपंच श्रीमती ललिता समेलाल, उपसरपंच सनत दिवाकर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामचंद्र पाटले एवं चंद्रकांता कृष्णा राजपूत सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि इसी क्रम में बीते सप्ताह ग्राम कटबीतला में भी सामुदायिक मंच के लिए भूमि पूजन किया गया है। जिसमें सरपंच कविता अंचला कंवर, विजय कुँवर, संतकुमार राजवाड़े सहित पंचगण एवं ग्रामीणों की उपस्थिति रही।अदाणी पावर द्वारा कोरबा क्षेत्र के पताड़ी, सरगबुंदिया, ढनढनी, पहंदा, कटबीतला, खोड्डल सहित आसपास के 14 गांव में शिक्षा,स्वास्थ्य, अधोसंरचना विकास इत्यादि के कार्य संचालित कर रहा है। जिसमें कम्युनिटी फर्स्ट की थीम के तहत समय-समय पर अपने संचालन क्षेत्रों में आधारभूत संरचना एवं सामुदायिक विकास के कार्य करती रही है व भविष्य में भी सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में सहयोग जारी रखेंगे। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की शुरुआत पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि पक्की सड़क बनने से क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों में पंच जीवन दास, रामलाल जगत, श्याम कार्तिक, सुभाष डहरिया, दिनेश अग्रवाल, धनेश्वर दास महंत, अनुसूईया कंवर एवं वचन बाई शामिल रहे। अडानी पावर के सीएसआर विभाग से पवन महतो, प्रीति प्रजापति, स्वप्निल कुमार और सुमित साहू मौजूद थे। इसके अलावा ग्राम सचिव भरत श्रीवास, करारोपण अधिकारी चतुरानंद तथा ग्रामवासी चंदन सिंह, हरिनाम सिंह, मेलाराम दिवाकर, विष्णु केवट, अंगत कंवर और रमेश कंवर भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## क्षेत्र में अधोसंरचना विकास के लिए हो रहा तेजी से कार्य

**खास बातें**

- आडानी फाउंडेशन लगातार बुनियादी ढांचों को कर रहा मजबूत
- आवागमन होगा आसान



## खबर संक्षेप



### एक माह से खराब है हैंडपंप छात्र हो रहे परेशान

**चैतमा।** एक माह से अधिक दिनों से बंद पड़े हैंडपंप को बनवाने की सुध किसी ने नहीं ली। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पाली विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बारीउमराव में स्थित प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला में पानी की व्यवस्था के लिए संबंधित विभाग द्वारा सोलर पैनल से संचालित सबमर्सिबल पंप लगाया गया था। जिससे स्कूली बच्चों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े किंतु संबंधित विभाग द्वारा लगाया गया सोलर पैनल एक माह से अधिक समय से बंद पड़ा हुआ है इसके लिए स्कूल के शिक्षकों एवं ग्राम पंचायत द्वारा संबंधित विभाग को कई बार अवगत कराया गया। किंतु किसी ने इस और ध्यान देना मुनासिब नहीं समझा जिससे स्कूल में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को मध्यान भोजन के पश्चात पानी पीने के लिए सड़क पार कर पानी पीने एवं थाली धोने जाना पड़ता है। उक्त सोलर पैनल तीन चार वर्ष पूर्व क्रेडा विभाग द्वारा लगाया गया था। इस संबंध में सरपंच जयपाल सिंह से पूछने पर उन्होंने बताया उसका मोटर खराब हो गया है जिसे निकलवाने के लिए मेरे द्वारा मैकेनिक को बुलाया गया था किंतु वह निकल पाने में असमर्थ रहा सोलर पैनल संचालित मोटर का खर्च अधिक होने के कारण मैं असमर्थ हूं। संबंधित विभाग से चालू कराने की मांग की है।

### भावदीप बने शिक्षक संघ के संभाग अध्यक्ष



**कोरबा।** भावदीप दुबे को शिक्षक संघ बिलासपुर संभाग अध्यक्ष बनाया गया है। शिक्षकों का कहना है कि उनके नेतृत्व में संगठन कर्मचारियों एवं शिक्षकों के हितों को और मजबूती से आगे बढ़ाएगा। शिक्षक संघ ने उम्मीद जताई है कि कैशलेस चिकित्सा सुविधा की तरह भविष्य में शिक्षकों की अन्य लंबित मांगों पर भी शासन सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा।

### बरपाली में हुआ निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**भैसमा।** जिले के ग्राम पंचायत बरपाली में चांपा मसीह अस्पताल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें शिविर आये ग्रामीणों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच किया गया। शिविर का संचालन अस्पताल के मैनेजिंग डायरेक्टर जोन विल्स के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में फील्ड प्रोग्राम ऑफिसर जौनिफर मनी, डॉ. यार्गेन जैकब एवं डॉ. निया श्याम सहित उनकी टीम ने सक्रिय भागीदारी निभाई। शिविर में टीम सदस्य अनुप, राजेश, चंद्रपाल, संजुक्ता बाघ, सारा एवं अर्पण सोना ने अपनी सेवाएँ प्रदान कीं। इस अवसर पर लगभग 150 मरीजों का निःशुल्क उपचार किया गया तथा सभी को मुफ्त दवाइयाँ वितरित की गईं। ग्राम पंचायत बरपाली, सरपंच भुनेश्वर का इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के आयोजन में विशेष सहयोग रहा। अस्पताल प्रबंधन ने बताया कि भविष्य में भी इसी प्रकार समाज सेवा के कार्य जारी रहेंगे। साथ ही अब अस्पताल में सोनोग्राफी एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ (गायनेकोलॉजिस्ट) की सुविधा भी उपलब्ध हो गई है, जिससे क्षेत्र के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ मिल सकेंगी।

### टू लेन की वजह से आमने सामने भिंड़त होती है वाहनों की

# कटघोरा-अंबिकापुर मुख्य मार्ग को टू लेन से फोर लेन करने तैयार किया जा रहा डीपीआर



एनएचआई द्वारा सड़क में किया जा रहा सुधार कार्य।



कटघोरा-अंबिकापुर में लगा सोलर लाईट।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा-अंबिकापुर मुख्य मार्ग जिसे टू लेन के नाम से जाना जाता है। मार्ग के बीचो बीच डिवाईडर नहीं होने की वजह से इस मार्ग में ज्यादातर आमने सामने की भिंड़त होती है और लगातार बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं की वजह से लोगों की मौतें हो रही है। इस मार्ग को टू लेन से फोर लेन की सड़क बनाने की दिशा पर एनएचआई ने पहल शुरु कर दी है इसके लिए एनएचआई ने फोरलेन के लिए डीपीआर तैयार करना शुरू कर दिया है। आने वाले कुछ वर्षों में यदि इसकी स्वीकृति मिलती है तो निश्चित तौर पर यह 2 लेन से फोरलेन सड़क बन जाएगा और मार्ग में होने वाले हादसों का ग्राफ कम हो जाएगा।

उल्लेखनीय है कि कटघोरा अंबिकापुर मार्ग जिसकी दूरी लगभग 133 किलोमीटर है। इस मार्ग में कटघोरा से मोरगा थाना के बीच सबसे ज्यादा ब्लैक स्पॉट है और इसी मार्ग में सबसे ज्यादा हादसे होते हैं और हादसे भीषण होते हैं और आमने-सामने की टक्कर होती है क्योंकि इस मार्ग में बीचो बीच डिवाईडर नहीं है। यह मार्ग को टू लेन तैयार किया गया है जिसकी वजह से इस मार्ग में भीषण हादसे होते हैं। लगातार बढ़ते हादसे से पिछले 20 दिनों के भीतर इस सड़क में सात लोगों की मौत हो चुकी है। लगातार बढ़ते सड़क दुर्घटनाओं से जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन चिंतित है। वहीं इस मार्ग में सड़क हादसों पर कैसे विराम लगाया जा सके इसपर चर्चा हो रही है। जब तक इस मार्ग को टू लेन से फोर लेन नहीं किया जाएगा तब तक समाधान नजर नहीं आ रहा है। निश्चित तौर पर अब एनएचआई ने इस मार्ग को लेकर चिंता जाहिर की है और इस मार्ग को टू लेन से फोर लेन में तब्दील करने की दिशा में तैयारी शुरु कर दी है। बताया जाता है कि एनएचआई ने इस सड़क को फोर लेन बनाने के लिए डीपीआर तैयार करना शुरू कर दिया है जिसके बाद डीसीआर तैयार कर इसे मुख्यालय भेजा जाएगा और जहां से स्वीकृति मिलती है जिसके बाद स्वीकृति के बाद ही फोरलेन सड़क निर्माण का काम किया जाएगा। निश्चित तौर पर यदि यह सड़क टू लेन से फोर लेन बन जाता है तो हादसों का ग्राफ खाफी कम हो जाएगा।

### ब्लैक स्पॉट की पहचान करने में जुटा विभाग

कटघोरा से अंबिकापुर के बीच बने टू लेन सड़क के बीच ऐसे कई ब्लैक स्पॉट है जहां ज्यादातर हादसे होते हैं फिलहाल पिछले कुछ दिनों में मोरगा चौकी क्षेत्र के केंदई के समीप लगातार हादसे हो रहे हैं दो हादसे उसी स्थल पर हुए हैं जहां कुल चार लोगों की मौत हुई है और दो गंभीर रुप से घायल है। इन हादसों पर कैसे लगाम लगाया जा सके इसके लिए एनएचआई प्रबंधन ने पहल शुरू कर दी है। बताया जाता है कि शॉर्ट टर्म में इन सड़कों में क्या सुधार किया जा सकता है। इस दिशा पर विभाग ने पहल शुरू कर दी है।

### तैयार किया जा रहा डीपीआर

कटघोरा अंबिकापुर मार्ग को टू लेन से फोर लेन बनाने के लिए डीपीआर तैयार किया जा रहा है। जिसे स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। जहां से स्वीकृति मिलने के बाद काम होगा। फिलहाल हादसों को रोकने के लिए ब्लैक स्पॉट की पहचान कर शार्ट टर्म में सुरक्षा के उपाय किये जा रहे हैं ताकि हादसों को रोका जा सके।
**-मुकेश कुमार,** परियोजना निदेशक, एनएचआई बिलासपुर

# प्रस्तावित कोल खनन के खिलाफ ग्रामीणों ने भरी हुंकार



बैठक में उपस्थित ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के पसान क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत जल्के में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी की महापंचायत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम क्षेत्रीय विधायक एवं तुलेश्वर सिंह मरकाम के निर्देश तथा जिला पंचायत सदस्य एवं जिलाध्यक्ष विदवान सिंह मरकाम के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। महापंचायत में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर क्षेत्रीय समस्याओं और प्रस्तावित कोल खनन परियोजना पर खुलकर अपनी बात रखी।

बैठक के दौरान संभावित खनन कार्य को लेकर ग्रामीणों ने विरोध दर्ज कराया। उपस्थित जनसमुदाय ने स्पष्ट कहा कि किसी भी कीमत पर उनकी जमीन और जल-जंगल को नुकसान पहुंचाने वाली परियोजना स्वीकार नहीं की जाएगी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि खनन प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया तो वे विरोध प्रदर्शन से लेकर अनिश्चितकालीन धरना तक का रास्ता अपनाने को बाध्य होंगे। उल्लेखनीय है कि ग्राम जल्के के समीप स्थित बीजाड़ांड़ क्षेत्र में प्रस्तावित रूंगटा कोल ब्लॉक आबंटन के विरोध में ग्रामीण पिछले एक माह से अधिक समय से अनिश्चितकालीन धरना दे रहे हैं। महापंचायत में उपस्थित लोगों ने इस आंदोलन को अपना समर्थन देते हुए कहा कि पूरे क्षेत्र के ग्रामीण एकजुट हैं और किसी भी सूरत में कोल कंपनी को कार्य प्रारंभ नहीं करने दिया जाएगा। महापंचायत में गोंगपा युवा मोर्चा जिला संगठन मंत्री विनोद कुमार आरमो, ब्लॉक उपाध्यक्ष मुकेश पोया, मनोज कुमार मरावी, भुवनपाल सिंह पेन्द्रो, धरमपाल सिंह मरकाम, शिवकुमार श्याम, मंगल सिंह ओलाड़ी, सुखनंदन सिंह पुहुप, नरेंद्र राज, रामभरोष आयम, बुधराम मसराम, गणेश उईके, रघुनाथ मसराम, कौशिक पुलस्त, विजय पुहुप, राहुल कुरूम, शंकर ओलाड़ी, संतोष मसराम, रामप्रसाद पंडो, परमेश्वरी पंडो, दिलकुंवर पंडो, राजेन्द्र कमरो सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। महापंचायत के माध्यम से ग्रामीणों ने यह स्पष्ट संकेत दिया है कि क्षेत्र में खनन को लेकर विरोध अब व्यापक जनआंदोलन का रूप ले सकता है।

# खेल, शैक्षणिक माहौल को बेहतर और सुंदर शहर की दिशा पर फोकस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर ने शहर को सुव्यवस्थित और आधुनिक बनाने के साथ ही खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने पीजी कॉलेज मैदान, इंदिरा स्टेडियम, यूपीएससी-पीएससी सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु प्रस्तावित नालंदा परिसर, तालाब का सौंदर्यीकरण, शहरवासियों के मनोरंजन हेतु मानिकपुर पोखरी का कायाकल्प, स्वच्छ पर्यावरण हेतु ऑक्सीजोन विकसित करने की दिशा में पहल करते हुए नगर निगम द्वारा संचालित विकास एवं अधोसंरचना संबंधी विभिन्न कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया।

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने महत्वपूर्ण स्थलों पर पहुंचकर प्रगति की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को सभी कार्य गुणवत्ता, पारदर्शिता और समय-सीमा के अनुरूप पूर्ण करने के निर्देश दिए। श्री दुदावत ने शहर स्थित पीजी कॉलेज के खेल मैदान का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों को बेहतर खेल सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु एथलेटिक रनिंग ट्रैक, लघु इनडोर स्टेडियम तथा इनडोर कबड्डी कोर्ट विकसित करने के निर्देश दिए। कहा कि खेल अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने का बेहतर अवसर मिलेगा। सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में एवं गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण किए जाएं, यह सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। पोड़ीबहार स्थित विकसित ऑक्सीजोन का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने वहां उपलब्ध पाथ-वे एवं अन्य सुविधाओं का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को एमओयू के अनुरूप सुचारू संचालन सुनिश्चित करने तथा रख-रखाव की नियमित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए, ताकि नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित एवं स्वास्थ्यवर्धक वातावरण मिल सके। कलेक्टर ने मानिकपुर स्थित पोखरी का निरीक्षण कर इसके समग्र विकास एवं सौंदर्यीकरण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने एसईसीएल को विस्तृत कार्ययोजना एवं प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। मुड़ापार तालाब के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने इसके समुचित विकास के लिए पब्लिक-प्राइवेट-पार्टनरशिप (पीपीपी) मॉडल के तहत संभावनाएं तलाशने के निर्देश दिए। उन्होंने स्टेडियम तथा राजीव गांधी ऑडिटोरियम के संपूर्ण नवीनीकरण (रेनोवेशन) के निर्देश दिए, ताकि इसे आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा सके।



निरीक्षण करने पहुंचे कलेक्टर एवं अन्य।

# होली को लेकर शांति समिति की बैठक

**बांकीमोंगरा।** आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने के उद्देश्य से थाना बांकी मोंगरा परिसर में शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना प्रभारी सहित जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, व्यापारी संघ के सदस्य एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान होली त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने, आपसी भाईचारा कायम रखने तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों से दूर रहने की अपील की गई। थाना प्रभारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि डीजे, जुलूस एवं सार्वजनिक कार्यक्रम निर्धारित समय सीमा के भीतर ही आयोजित किए जाएं तथा ध्वनि प्रदूषण संबंधी नियमों का कड़ाई से पालन किया जाए। इसके साथ ही संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने, सोशल मीडिया पर भ्रामक पोस्ट पर निगरानी रखने कहा गया।

# विश्व की टॉप कोल माइंस में शुमार होगा एसईसीएल गेवरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



नए वित्तीय वर्ष में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की गेवरा खदान नया इतिहास लिख सकती है। माइंस के उत्पादन का आंकड़ा 63 मिलियन टन पर पहुंच जाएगा, जो दुनिया में सबसे अधिक होगा। एसईसीएल प्रबंधन इसकी तैयारी में है कि 2026-27 में गेवरा खदान का उत्पादन 63 मिलियन टन तक पहुंच सके। चालू वित्तीय वर्ष में गेवरा खदान का उत्पादन लक्ष्य 63 मिलियन टन है, लेकिन खदान अपने उत्पादन लक्ष्य से पिछे चल रही है। माना जा रहा है कि मार्च अंत तक उत्पादन का आंकड़ा 56 मिलियन टन तक ही पहुंच सकेगा। 2024-25 में भी 63 मिलियन टन के टारगेट के मुकाबले 56 मिलियन टन उत्पादन दर्ज हुआ था। इसके पहले 2023-24 में गेवरा खदान ने 59.11 मिलियन टन के कोयला उत्पादन को छुआ था। 2026- 27 में गेवरा का उत्पादन 63 मिलियन टन के आंकड़े पर पहुंचता है तो यह खदान पूरे विश्व में टॉप पर आ जाएगी। प्रबंधन के अनुसार गेवरा को दुनिया नम्बर एक खदान बनाने के लिए कंपनी के पास सभी जरूरी रिसोर्स जमीन, मशीनरी, मैनपावर और कस्टमर मौजूद है। वर्तमान में यूएस की ब्लैक थंडर माइंस दुनिया की सबसे बड़ी कोयला खदान है, जिसका उत्पादन 61- 62 मिलियन टन है। एसईसीएल की गेवरा खदान की क्षमता बढ़ाकर 70 मिलियन टन सालाना करने की है। इसके लिए पहले ही एनवायरनमेंटल क्लियरेंस मिल चुका है।

### सीएमएचओ ने 27 दिन में ही पलटा आदेश

**कोरबा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पताढ़ी व सरगबुंदिया में पदस्थ आरएमए का व्यवस्थागत तबादला एक-दूसरे सीएससी/पीएचसी में किए जाने और कार्यमुक्त कर देने के बाद 27 दिन के भीतर उनका पुनः पुराने कार्यस्थल पर तबादला कर दिए जाने का आदेश काफी चर्चा में बना हुआ है। जानकारी के अनुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोरबा के द्वारा 23 जनवरी को एक आदेश जारी कर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन छग के अंतर्गत कार्यरत आरएमए को पीएचसी सरगबुंदिया से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पताढ़ी पदस्थ किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पताढ़ी में पदस्थ आरएमए को पीएचसी सरगबुंदिया में पदस्थ किया गया। इस तबादला आदेश के बाद 9 फरवरी को चिकित्सा अधिकारी ने इन्हें नई पदस्थापना के लिए कार्यमुक्त भी कर दिया। इसके पश्चात एक आरएमए ने नई जगह पर जॉइनिंग तो दे दी लेकिन दूसरे ने जॉइनिंग नहीं दी। आंतरिक व्यवस्थागत कारणों से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने 19 फरवरी को पुनः एक आदेश जारी कर उक्त तबादला को निरस्त करते हुए दोनों आरएमओ को उनके पूर्व पदस्थापना स्थल पर पदस्थ करते हुए तत्काल प्रभाव से जॉइनिंग करने के निर्देश दिए हैं।

# यादव जी की लव स्टोरी फिल्म पर प्रतिबंध की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- यादव समाज ने कलेक्टर को पीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

जिले में प्रस्तावित फिल्म यादव जी की लव स्टोरी को लेकर यादव समाज में गहरा आक्रोश देखा जा रहा है। सर्व यादव समाज जिला कोरबा के पदाधिकारियों एवं समाज के लोगों ने फिल्म के विरोध में ज्ञापन सौंपते हुए इसके प्रदर्शन पर रोक लगाने की मांग करी हैं।

जानकारी के अनुसार समाज के कार्यवाहक अध्यक्ष चंद्रमणी यादव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर के माध्यम से देश के महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, फिल्म विकास निगम के अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री तथा श्रम एवं सहकारिता मंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि फिल्म निर्माता अंकित भजन और संदीप तोमर द्वारा 27 फरवरी को यादव जी की लव स्टोरी नाम से फिल्म रिलीज की जा रही है, जिसमें एक यादव लड़की और मुस्लिम लड़के के काल्पनिक प्रेम प्रसंग को दर्शाया गया है। समाज का आरोप है कि फिल्म का शीर्षक और कथानक यादव समाज की बेटियों की गरिमा और सामाजिक सम्मान के प्रतिकूल है। प्रतिनिधियों का कहना है कि इस प्रकार की प्रस्तुति से समाज की भावनाएं आहत हो रही हैं और व्यापक स्तर पर असंतोष व्याप्त है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय रहते फिल्म पर रोक नहीं लगाई गई तो समाज आंदोलनात्मक कदम उठाने के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से मांग की गई है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए फिल्म के प्रदर्शन से पूर्व इसकी समीक्षा कर आवश्यक कार्यवाही की जाए। यादव समाज ने स्पष्ट किया है कि उनका उद्देश्य सामाजिक सद्भाव बनाए रखना है किंतु किसी भी स्थिति में समाज की प्रतिष्ठा से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।



ज्ञापन सौंपते समाज के पदाधिकारी।

### युवक की फंदे में मिली लाश, जांच में जुटी पुलिस

**कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत रामसागरपारा निवासी कमलेश कश्यप 30 वर्ष पिता मूलचंद कश्यप रोजी मजदूरी का काम करता था। मंगलवार की रात को उसने अपने घर में फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया। जब घर के सदस्यों की नजर उसके लटकते हुए शव पर पड़ी तो उनके होश उड़ गए और आनन फानन में उसे नीचे उतारकर उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त




# लॉस एंजिल्स में हुई रणबीर की रामायण की खास स्क्रीनिंग

**मुंबई।** नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित रणबीर कपूर स्टारर 'रामायण' को इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म माना जा रहा है। फैंस फिल्म के टीजर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस साल दिवाली में रिलीज होने वाली 'रामायण'की पहली खास स्क्रीनिंग अमेरिका के लॉस एंजिल्स के सिनेमार्क प्लाया विस्टा थिएटर में की गई। जानकारी के मुताबिक, फिल्म को वहां काफी सराहना मिली है। एक रिपोर्ट के अनुसार, 'रामायण'की पहली स्क्रीनिंग लॉस एंजिल्स के सिनेमार्क प्लाया विस्टा थिएटर में आयोजित की गई। यह स्पेशल स्क्रीनिंग 18 से 60 वर्ष की उम्र के चुनिंदा दर्शकों के लिए की गई थी। स्क्रीनिंग से मिली शुरुआती प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं, जिनके मुताबिक फिल्म को काफी पसंद किया गया है।

लाइफ Style



# प्रियंका
## थियेटर में दर्शकों को दिया सरप्राइज

इंटरनेशनल स्टार बन चुकीं प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी हालिया रिलीज हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ'को लेकर चर्चाओं में हैं। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई है। इस बीच प्रियंका ने फिल्म की रिलीज से पहले फैंस को ऐसा सरप्राइज दिया, जिससे इसकी साधारण स्क्रीनिंग यादगार बन गई।

**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'द ब्लफ' के स्ट्रीमिंग पर रिलीज होने से एक दिन पहले, प्रियंका चोपड़ा न्यूयॉर्क के एक स्थानीय थिएटर में पहुंच गईं, जहां 'द ब्लफ' की स्क्रीनिंग हो रही थी। अचानक प्रियंका को अपने बीच पाकर फैंस हैरान रह गए। प्रियंका अचानक ही दर्शकों से भरे एक थिएटर में व्यक्तिगत रूप से मिलने पहुंच गईं। इस मुलाकात की तस्वीरें और वीडियो जल्द ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। इस दौरान फैंस ने प्रियंका के साथ तस्वीरें खिंचाईं और फिल्म को लेकर उनसे बात भी की। थिएटर में मौजूद फैंस के लिए प्रियंका की अचानक उपस्थिति किसी सरप्राइज से कम नहीं थी। 'द ब्लफ' में चोपड़ा एक पूर्व समुद्री डाकू की दमदार और एक्शन से भरपूर भूमिका में हैं। जो अपनी बेटी की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। फिल्म का ट्रेलर सामने आने के बाद से ही फैंस फिल्म का इंतजार कर रहे थे। अब सामने आए फिल्म के शुरुआती रिव्यूज में दर्शक फिल्म को पसंद कर रहे हैं। वहीं, प्रियंका के अभिनय की जमकर सराहना कर रहे हैं। फिल्म का निर्माण एजीबीओ स्टूडियोज ने अमेजन एमजीएम स्टूडियोज के सहयोग से किया है, जो सिटाडेल के बाद स्टूडियोज और चोपड़ा के बीच एक और कोलैबोरेशन है। प्रियंका चोपड़ा के वर्कफ्रंट की बात करें तो वो एसएस राजामौली की आगामी फिल्म 'वाराणसी' से इंडियन सिनेमा में वापसी करने वाली हैं।

हॉलीवुड मसाला




# मैंने शर्म की एक लहर महसूस की

**लॉस एंजिल्स।** 79वें बाफ्टा अवाड्र्स के दौरान माइकल बी जॉर्डन और डेलरॉय लिंडो मंच पर अवॉर्ड देने पहुंचे थे। इस बीच जॉन डेविडसन ने चिल्लाकर कुछ आपत्तिजनक शब्द कहे, जो नस्लीय भेदभाव से जुड़े हुए थे। इसके बाद ये एक विवादित मुद्दा बन गया और लोगों ने इसका सोशल मीडिया पर काफी विरोध किया और अपमानजनक बताया। अब इस पर जॉन डेविडसन ने अपनी सफाई रखी है। जॉन डेविडसन ने कहा, 'जब मेरे कोप्रोलालिया टिक्स सामने आए, तो मेरा दिल बैठ गया। हमेशा की तरह, मुझे शर्म और झिझक की एक लहर ने घेर लिया। ऐसा लगा जैसे जमीन फट जाए और मैं उसमें समा जाऊं।'डेविडसन ने कहा कि उनके मुंह से निकले शब्द किसी सोच या इरादे का हिस्सा नहीं थे, बल्कि यह एक 'अनैच्छिक न्यूरोलॉजिकल रिएक्शन'था।




# टैरेंटीनो के साथ काम करना चाहते हैं लिलार्ड

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर फिल्ममेकर क्वेंटिन टैरेंटिनो ने पिछले साल हॉलीवुड अभिनेता मैथ्यू लिलार्ड की सबके सामने बुराई की थी। अब मैथ्यू लिलार्ड का इस पर रिएक्शन दिल छू लेने वाला है। मैथ्यू लिलार्ड ने हाल ही में खुलकर बताया कि क्वेंटिन टैरेंटिनो ने पिछले साल सबके सामने उनकी बुराई की थी, तो उन्हें काफी बुरा लगा था। लिलार्ड ने कहा कि वे टैरेंटीनो के काम को बहुत पसंद करते हैं और उनकी फिल्मों का हिस्सा बनना चाहेंगे। लेकिन, जब उन्होंने पॉडकास्ट पर अपनी बुराई सुनी, तो उन्हें बड़ा झटका लगा। उन्होंने कहा, 'वो एक शानदार फिल्ममेकर हैं। लेकिन, इस तरह अचानक ये बोलना, मुंह पर घूंसा जैसा लगना जैसा था।'लिलार्ड को लोग खासतौर पर शैगी के किरदार के लिए जानते हैं। उन्होंने कहा, 'भले ही मैंने इस बुराई को हल्के में लिया हो, लेकिन दिल तो दुखता है... और ये अच्छा नहीं लगता।'लिलार्ड ने बताया कि टैरेंटीनो के बयान के बाद उन्हें फैंस और साथियों से जबरदस्त समर्थन मिला। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, 'ऐसा लग रहा था जैसे मैं मर गया हूं और स्वर्ग से अपने लिए आरआईपी ट्वीट्स देख रहा हूं... जैसे अपनी ही शोकसभा में शामिल हुआ हूं।'



# मां बनने के साढ़े 3 महीने बाद पब्लिक में आईं नजर

**मुंबई।** कटरीना कैफ मां बनने के साढ़े तीन महीने बाद पब्लिक के बीच नजर आईं, तो फैंस खुशी से झूम उठे। कटरीना ने 7 नवंबर 2025 को बेटे को जन्म दिया था, जिसका नाम विहान रखा। उससे पहले से कटरीना ने लोगों की नजरों से दूरी बना रखी थी। उन्होंने कोई प्रोजेक्ट्स भी साइन नहीं किए थे, ताकि बेबी पर ध्यान दे सकें। अब मां बनने के बाद से कटरीना पूरी तरह बेटे विहान में बिजी हैं। हाल ही डिलीवरी के साढ़े तीन महीने बाद वह नजर आईं, तो उन्हें देख फैंस खुश हो गए। कटरीना कैफ ने चेहरे पर मास्क लगाया हुआ था, पर ग्लो दमक रहा था। उन्होंने कैमरे देखते ही उनकी तरफ हाथ हिलाया और खिलखिलाकर हंस दीं। कटरीना कार में बैठी हुई थीं और साथ में सेलिब्रिटी फिटनेस ट्रेनर यास्मिन कराचीवाला भी थीं। यास्मिन, कटरीना की भी ट्रेनर हैं। कटरीना के इस वीडियो पर फैंस के काफी कमेंट्स आ रहे हैं।



# भागम भाग 2 में दो हीरोइनों के साथ लड़ाएंगे इश्क

**मुंबई।** अक्षय कुमार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'भूत बंगला'को लेकर चर्चाओं में हैं। इस फिल्म के जरिए अक्षय कमुार और निर्देशक प्रियदर्शन की जोड़ी सोलह साल बाद लौट रही है। इसके अलाव अक्षय की पाइपलाइन में 'भागम भाग 2' भी है। इसकी कास्टिंग को लेकर भी लगातार नई-नई जानकारियां सामने आ रही हैं। अब ऐसी खबरें हैं कि अक्षय 'भागम भाग 2' में दो अभिनेत्रियों के साथ रोमांस करते नजर आ सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अक्षय फिल्म में जिन दो अभिनेत्रियों के साथ नजर आएंगे, उनमें मीनाक्षी चौधरी और 'धुरंधर के 'शरारत' गाने से सुर्खियां बटोरने वाली आयशा खान के नाम शामिल हैं। फिल्म में तीनों के बीच रोमांटिक एंगल देखने को मिलेगा। रिपोर्ट में आगे ये भी बताया गया है कि दोनों अभिनेत्रियां फिल्म की नई कहानी में अहम भूमिकाएं निभाने वाली हैं। 'भागम भाग 2' की कहानी गलत पहचान, कन्फ्यूजन और क्लासिक कॉमेडी-ऑफ-एरर्स से भरपूर होगी।

टीवी मसाला



# कुकिंग का हंगामा बदल गया हंसी से भरे सफारी में

**मुंबई।** कलर्स के शो 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' की किचन इस बार जंगल थीम में तब्दील हो गई, जहां कुकिंग का हंगामा हंसी से भरे सफारी में बदल गया। एप्रन की जगह जानवरों के अंदाज़ ने ली और किचन का फ्लोर जंगल में बदल गया, जहां सिर्फ एक ही नियम था- हंसो या हंसाओ! जंगल स्पेशल एपिसोड में प्रतिभागियों ने अपने वाइल्ड अंदाज़ को अपनाया।अंकिता लोखंडे बिल्ली बनकर मंच पर आईं।सुधेश लेहरी जंगल सफारी गार्ड के रूप में नज़र आए। जन्नत जुबैर ने केंचुए का किरदार निभाया। कृष्णा ऊंट बने। सामर्थ घोड़े के रूप में आए। भारती तितली की तरह इधर-उधर उड़ती दिखीं, जबकि बाकी टीम भी उतने ही मज़ेदार और अनोखे अवतारों में दिखाई दी। इस वाइल्ड मस्ती में क्यूटनेस का तड़का तब लगा जब कंटेस्टेंट्स अपने असली पालतू जानवरों को लेकर पहुंचे। करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश अपने डॉग्स मजनू और डाकू को लेकर आए। अंकिता ने अपनी बिल्ली माऊ से सबको मिलवाया। अर्जुन बिजलानी अपनी कैट ऑरा के साथ आए, जबकि अली गोनी अपने डॉग रैम्बो को लेकर पहुंचे। कुछ देर के लिए किचन पालतू जानवरों का पैराडाइज़ बन गई और दिल पिघल गए। भले ही काउंटर पर कुकिंग का हंगामा जारी रहा।जंगल तब और ज़िंदा हो उठा जब तेजस्वी ने अपने आइकॉनिकट्रैक 'मैंनागिन' पर नागिन-स्टाइल एंट्री की। सर्प क्वीन के अवतार में उन्होंने अपना मशहूर नागिन डायलॉग बोला-इस बार 'लाफ्टर शेफ़्स' के खास ट्विस्ट के साथ। लेकिन, इससे पहले की वह ज़्यादा आगे बढ़ पातीं, कृष्णा अभिषेक ने रोस्ट करते हुए चुटकी ली कि तेजस्वी घंटों मेकअप में बैठती हैं, फिर लेट हो जाती हैं औरउसके बाद रोनेलगती हैं। जब लगा कि हंगामा अपनी चरम सीमा पर है, तभी हरपाल सिंह सोखी ने जंगल का सबसे बड़ा ट्विस्ट दिया'कुक-ऑफ के लिए लाइटरबैन!' असली जंगल सर्वाइवल मोड में कंटेस्टेंट्स को आग जलाने और खाना बनाने का नया तरीका ढूंढना पड़ा। यह शो हर शनिवार-रविवार रात 9:00 बजे केवल कलर्स पर प्रसारित होता है!

## 'मुंगेरी के भाई नौरंगीलाल' ने बना दिया था स्टार

**नई दिल्ली।** राजपाल यादव बीते दिनों अपनी जेल यात्रा को लेकर चर्चा में रहे। एक्टर ने 9 करोड़ रुपए के चेक बाउंस केस में तिहाड़ जेल में सरेंडर किया था। हालांकि उन्हें कोर्ट से अस्थाई राहत मिल गई है और अब वह बाहर है। आज



हम राजपाल यादव के उन दिनों की बात करने जा रहे हैं, जब उन्होंने अपने दमदार एक्टिंग से टीवी पर धमाल मचा दिया था। 90 के दशक में राजपाल ने काम करना शुरू किया लेकिन उन्हें सफलता मिली इस दशक के आखिरी के सालो में, जब उन्होंने प्रकाश झा का एक टीवी शो किया, जिसमें वह लीड रोल में थे। हम बात कर रहे है दूरदर्शन पर आने वाले शो 'मुंगेरी के भाई नौरंगीलाल' की। 'मुंगेरी के भाई नौरंगीलाल' शो में राजपाल लीड रोल में थे। ये शो 90 के दशक के मशहूर शो 'मुंगेरी के हसीन सपने' का सीक्वल था। दूरदर्शन के समय में ये शो बड़ा हिट रहा और राजपाल के किरदार को बेहद पसंद किया

# नैनीताल में विक्रांत और मानुषी ने की स्कूटर राइड

**मुंबई।** मिस वर्ल्ड रहीं मानुषी छिल्लर की बॉलीवुड में अब तक की जर्नी काफी निराशाजनक रही है। मानुषी के खाते में अब तक एक भी हिट फिल्म नहीं है। हालांकि, उन्हें काम लगातार मिल रहा है। इन दिनों मानुषी छिल्लर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वो नेशनल अवॉर्ड विनर एक्टर विक्रांत मैसी के साथ शूटिंग करती नजर आ रही हैं। हालांकि, अब तक प्रोजेक्ट को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। इसलिए अभी ये कंफर्म नहीं है कि ये किसी फिल्म की शूटिंग या कोई एड या कुछ और है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो नैनीताल का बताया जा रहा है।

## अभी किसी प्रोजेक्ट की नहीं हुई है घोषणा

सेट से वायरल हो रहे वीडियो में मानुषी और विक्रांत एक स्कूटर की सवारी करते नजर आ रहे हैं। मानुषी स्कूटर चला रही हैं, जबकि विक्रांत पीछे बैठे नजर आ रहे हैं। पीले रंग के स्कूटर पर मानुषी




सफेद रंग के टॉप और नीले और सफेद रंग के फ्लोरल लॉन्ग स्कर्ट में नजर आ रही हैं। जबकि विक्रांत पिंक जैकेट और ब्लू जींस में दिख रहे हैं। पीछे बैठे विक्रांत हरे रंग का हेलमेट भी लगाए हुए हैं। वीडियो में बंदूकें रखी भी नजर आ रही हैं। सेट से सामने आया ये छोटा सा वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि, अभी तक विक्रांत और मानुषी के किसी प्रोजेक्ट की घोषणा नहीं हुई है। लेकिन अगर ये कोई फिल्म है, तो ये जोड़ी पहली बार बड़े पर्दे पर नजर आएगी। देखने वाली बात ये भी होगी कि फिल्म नैनीताल की पृष्ठभूमि पर आधारित कोई रोमांटिक ड्रामा होगी या फिर नैनीताल सिर्फ फिल्म का हिस्सा है।

# 13 साल की उम्र में पर्दे पर बनी मां 6 दशक तक सिनेमा में किया राज



**नई दिल्ली।** करीब 6 दशकों तक बतौर एक्ट्रेस इंडस्ट्री में राज करने वाली इस हसीना ने महज 13 साल की उम्र में बड़े पर्दे पर मां की भूमिका निभाकर हर किसी को हैरान कर दिया था। जिस अभिनेत्री के बारे में इस लेख में जिक्र किया जा रहा है, उसे सिनेमा की चांदनी कहा जाता था। बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट श्रीदेवी ने सिनेमा जगत में अपना सफर शुरू किया था। लेकिन, उनको सबसे अधिक लाइमलाइट 13 साल की उम्र में मां का किरदार निभाने से मिली थी। साउथ सिनेमा के मशहूर निर्देशक रहे बालचंदर के निर्देशन में बनी फिल्म 'मंदरू मुदिचू' में श्रीदेवी ने सुपरस्टार रजनीकांत की मां की भूमिका निभाई थी। इसके बाद श्रीदेवी और रजनीकांत लगभग 20 फिल्मों में एक साथ काम किया। श्रीदेवी मूलरूप से साउथ सिनेमा से नाता रखती थीं। हिंदी सिनेमा में डेब्यू से पहले उन्होंने साउथ सिनेमा की मूवीज में अपना जलवा बिखेरा था। इस दौरान कई दक्षिण भारतीय फिल्मों में काम किया, जिनकी डिटेल्स इस प्रकार है तेलुगु मूवीज- 103, तमिल मूवीज- 84, हिंदी मूवीज- 84, मलयालम मूवीज- 24, कन्नड़ मूवीज- 5। इस तरह से बतौर एक्ट्रेस श्रीदेवी ने अपने 6 दशक से लंबे फिल्मी कॅरियर में करीब 300 से ज्यादा फिल्मों में काम किया था। उनकी लोकप्रिय हिंदी मूवीज के बारे में जिक्र किया जाए तो उनमें तोहफा, नागिना, निगाहें, मिस्टर इंडिया, चालबाज, चांदनी, खुदा गवाह, जुदाई, लाडला, इंग्लिश विंग्लिश और मॉम जैसी कई शानदार फिल्मों के नाम शामिल रहे।

## पत्नी के गहने बेच बनाई फिल्म, सिनेमा के पितामह की कहानी

# वैश्याओं ने ठुकराया फिल्म का ऑफर, मर्द को बनाया हीरोइन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आजादी दूर-दूर नजर नहीं आ रही थी... देश गुलामी की बेड़ियों में जकड़ा हुआ था। मनोरंजन का तो कोई साधन ही नहीं था। मनोरंजन के नाम पर तब कुछ नाटक या मंच पर कुछ कलाएं हो जाया करती थीं। सिनेमा, टीवी, फिल्में... इन शब्दों का इजात तक हमारी जीवन शैली में नहीं हुआ था। इसी बीच हिंदी सिनेमा को पांव देने, पंख लगाने और उसे पैदा करने वो आए, जिन्हें बाद में सिनेमा का जनक कहा गया। आज की कहानी उन्हीं की, जिन्हें लोगों ने पागल कह डाला, जिनकी जिद और जुनून मनोरंजन का सवेरा ले आई और एक वो करिश्मा करके गई, जिसकी बदौलत आज हमें सिनेमा का दीदार हो रहा है।

## ऐसे बनाई थी पहली फिल्म

साल 1910 में मुंबई के 'अमेरिका-इंडिया पिक्चर पैलेस' में दादा साहेब ने एक मूक फिल्म देखी थी और इस फिल्म का नाम था 'द लाइफ ऑफ क्राइस्ट'। फिल्म देखते हुए उन्हें ईसा मसीह की जगह कृष्ण और राम दिखाई देने लगे। उन्होंने सोचा, 'क्या हम भारतीय भगवानों को परदे पर नहीं ला सकते?' यहीं से भारतीय सिनेमा का बीज पड़ा और यहीं से उनके दिमाग में कई चीजें आने लगीं। आखिरकार उन्होंने फिल्म राजा हरिश्चंद्र बनाने का फैसला कर लिया था। लेकिन, इसके लिए कलाकार, इक्विपमेंट, पैसे, लोगों के खाने की व्यवस्था सब कुछ करना था। दादा साहेब ने कई लोगों से फिल्म को प्रोड्यूस करने के लिए फंड मांगा। लेकिन, इस नए काम में पैसे लगाने से सब डर रहे थे। उन्हें यकीन दिलाने के लिए दादा साहेब ने पौधों के विकास पर एक छोटी सी फिल्म बनाई।



## महाराष्ट्र में जन्में सिनेमा के जनक

देश में आजादी की सुबह तब नहीं थी और उसी वक्त नासिक के एक साधारण से दिखने वाले 'धुंडीराज गोविंद फाल्के' ने एक ऐसा सपना देखा जिसे उस वक्त के लोग 'पागलपन' कहते थे। पागलपन ऐसा कि जिसने सिनेमा को हमें सौंपा। 30 अप्रैल 1870 ये वो तारीख है जब त्र्यंबकेश्वर (महाराष्ट्र) में उनका जन्म हुआ। अपनी शरुआती पढ़ाई 1885 में मुंबई के सर जेजे स्कूल ऑफ आर्ट्स से पूरी की। इसके बाद 1890 में कलाकृति, इंजियनिरिंग, ड्राइंग, पेंटिंग और फोटोग्राफी की पढ़ाई गुजरात के वड़ोदरा से पूरी की। सिनेमा में आने से पहले उन्होंने फोटोग्राफर के रूप में काम किया, पेंटिंग की। इसी बीच उनकी पत्नी का निधन हो गया और फिर वो पत्नी के निधन के बाद उनको अपना ये काम छोड़ना पड़ा। फिर वह जर्मनी गए और वहां से फिल्म बनाने के लिए नई तकनीकों का अध्ययन किया।

## सात साल के बेटे ने निभाई थी रोहिताश्व की भूमिका

अब फिल्म बनाने के लिए पैसे नहीं थे। उन्हें कुछ समझ नहीं आ रहा था कि आखिर क्या किया जाए। फिर उन्होंने अपना बीमा गिरवी रखा और पत्नी सरस्वती बाई के गहने तक बेच दिए। उस दौर में फिल्मों में काम करना बहुत बुरा माना जाता था। इसके अलावा इस फिल्म के निर्माता, निर्देशक, लेखक, कैमरामैन सबकुछ खुद दादा साहेब ही थे। उन्होंने खुद इस फिल्म के हीरो हरिश्चंद्र और रोहिताश्व की भूमिका उनके सात साल के बेटे भालचंद्र फाल्के ने निभाई थी।

## पहली फीचर फिल्म राजा हरिश्चंद्र

कहा जाता है कि उस दौर में फिल्म बनाने के लिए वो घंटों सिनेमा देखते थे, ताकि वो सिनेमा और फिल्ममेकिंग की बारीकियों को सीख सकें। कहा जाता है कि इसका असर उनकी आंखों पर भी पड़ा। उनकी इस पहली फिल्म का बजट 15 हजार बताया जाता है। आखिरकार फिर 3 मई 1913 को मुंबई के कोरोनेशन सिनेमा में भारत की पहली फीचर फिल्म 'राजा हरिश्चंद्र' रिलीज हुई। यह एक मूक फिल्म थी और इसमें मराठी कलाकारों को कास्ट किया गया था।

## खबर संक्षेप

### आंगनबाड़ी के बच्चों को कराया पौष्टिक भोजन



**राहौद-महका।** आदर्श ग्राम पंचायत महका के आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को आमंत्रित कर अतिथि भोज कराया गया । पूर्व सरपंच मंजूलता टंडन ने आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 02 के बच्चों को पौष्टिक भोजन के रुप में चांवल,दाल, सब्जी, खीर,पुड़ी, का सेवन कराया। वहीं आंगनबाड़ी के बच्चे स्वादिष्ट भोजन का आंनद लेते दिखे और खुशी जाहिर की। अतिथि भोज कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी के बच्चे शामिल हुए। इस मौके पर महेन्द्र टंडन उप सरपंच महका,रश्मि टंडन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, कुमारी गोयल,नीरा गोयल सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### अंतर्राष्ट्रीय आइडियल अचीवर्स अवार्ड से डॉ.गुलाब चंद सम्मानित

**खरौद।** गोपाल किरण समाज सेवी संस्था और जी.एल.ए. विश्वविद्यालय मथुरा के संयुक्त तत्वावधान में नयी शिक्षा नीति वर्तमान चुनौतियां एवं संभावनाओं पर आधारित एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय



सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में महत्वपूर्ण साहित्यिक अवदान और समाज सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वालों को अंतरराष्ट्रीय आइडियल अचीवर्स अवार्ड प्रदान किया गया। इस दौरान शासकीय लक्ष्मेश्वर स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरौद में कार्यरत समाजशास्त्र के विभागाध्यक्ष एवं प्रभारी प्राचार्य डॉ. गुलाब चंद भारद्वाज को विशिष्ट उपलब्धियां के लिए अंतर्राष्ट्रीय आइडियल अचीवर्स अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके पूर्व भी वे कई अवार्ड से सम्मानित हो चुके हैं । इस अवार्ड प्राप्ति के लिए उन्हे शासकीय लक्ष्मणेश्वर महाविघालय के डॉ.शांति कुमार कैवर्त्य ,डॉ. बी.पीदेवांगन, प्रो. आर .एन. खुटे, प्रो.आर.एन. यादव, प्रो.चन्द्रशेखर तिवारी सहित प्राध्यापक एवं कर्मचारी सहित ने शुभकामनाएं दी हैं ।

### भाजयुमो शिवरीनारायण मण्डल अध्यक्ष बने ललित कश्यप

**शिवरीनारायण।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की जिला कार्यसमिति, मंडल अध्यक्षों और मंडल महामंत्रियों की सूची घोषित कर दी गई है



शिवरीनारायण मंडल अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी ललित कश्यप को सौंपी गई है। ललित कश्यप क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता परमानंद कश्यप के पुत्र है तथा ललित कश्यप की माता श्रीमती रेखा कश्यप वार्ड क्रमांक 12 नगरपंचायत शिवरीनारायण की पार्षद है। ललित कश्यप का परिवार जनसंघ के जमाने से भाजपा से जुड़ा हुआ है ललित कश्यप पूर्व में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता थे और वर्तमान में भाजयुमो शिवरीनारायण मंडल में मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी निभा रहे थे उनके मनोनयन से क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और युवाओं में उत्साह है।

### भारतीय जनता युवा मोर्चा के शिवरीनारायण मंडल महामंत्री बने आकाश

**शिवरीनारायण।** देश की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी के युवा संगठन भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) ने संगठन



विस्तार के तहत शिवरीनारायण मंडल में नई नियुक्ति की हैं। शिवरीनारायण के सक्रिय युवा कार्यकर्ता आकाश यादव को भाजयुमो शिवरीनारायण मंडल का महामंत्री नियुक्त किया गया हैं, इस नियुक्ति के बाद क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल हैं। पार्टी नेतृत्व ने विश्वास जताया हैं कि आकाश यादव संगठन को और अधिक मजबूत करने तथा युवाओं को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। आपको बतादे कि आकाश यादव पूर्व में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में नगर मंत्री एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य का दायित्व निभा चुके हैं।

---

बाजार में मिलने वाले सिंथेटिक रंगों में हानिकारक रसायनों का होता है मिश्रण

# पलास, चुकंदर एवं पालक के पत्तों से हर्बल गुलाल बना रही समूह की महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत जनपद पंचायत बलौदा की ग्राम पंचायत नवापारा (ख) लेवई की नैना महिला स्व-सहायता समूह की महिलाएं हर्बल गुलाल निर्माण कर आत्मनिर्भरता की नई मिसाल प्रस्तुत कर रही हैं।

समूह की महिलाएं प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग कर सब्जियों एवं फूलों से सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल हर्बल गुलाल तैयार कर रही हैं। पलाश के फूलों से केसरिया रंग, पालक भाजी से हरा रंग तथा लाल भाजी और चुकंदर से लाल रंग तैयार किया जाता है. गुलाब, गेंदा और पलाश की पंखुड़ियां, गुलाब जल व इत्र मिलाकर पूरी तरह रसायनमुक्त गुलाल बनाया जाता है। यह गुलाल त्वचा, आंख और बालों के लिए सुरक्षित है। बाजार में मिलने वाले सिंथेटिक रंगों में हानिकारक रसायनों का मिश्रण होता है, जिससे त्वचा में जलन, एलर्जी और आंखों को नुकसान पहुंचता है, जबकि बिहान की दीदियां पूरी तरह चर्म-रोग मुक्त और इको-फ्रेंडली गुलाल तैयार कर रही हैं। समूह की एफएलसीआरपी श्रीमती खिलेश्वरी



हर्बल गुलाल बनाती समूह की महिलाएं।

नागरची ने बताया कि वे हर्बल गुलाब बनाने का कार्य पिछले कई सालों से करते आ रहे हैं। यह तो गुलाल त्वचा के लिए बिल्कुल भी हानिकारक नहीं है। गुणवत्ता और निरंतर प्रयास के कारण उन्हें इस कार्य से अच्छा आर्थिक लाभ प्राप्त हो रहा है। उन्होंने बताया कि इसे वे आस-पास के मार्केट में विक्रय कर करेंगे। समूह की अध्यक्ष श्रीमती सुनीता भारद्वाज के नेतृत्व में लक्ष्मीन, सीता, विद्या कुर्रे, कुंती देवी, बबली मरावी, बीमा भाई, प्रतिभा, रवीना और कमला खुटे उत्पादन, पैकेजिंग और विपणन का कार्य सामूहिक रूप से कर रही हैं। हर्बल गुलाल निर्माण से प्राप्त आय से महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार आया है। वे अपने परिवार की जरूरतों को पूरा करने के साथ बच्चों की शिक्षा और अन्य आवश्यकताओं में सहयोग कर रही हैं। नैना महिला स्व-सहायता समूह की यह पहल ग्रामीण क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की प्रेरक मिसाल बनकर उभर रही है। इसके साथ-साथ जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भी महिला स्वास्थ्य सहायता समूह द्वारा हर्बल गुलाल बनाने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही अपने आसपास के है बाजारों में विक्रय करने का कार्य करेंगे।

---



## ओटीपी, पासवर्ड या बैंक से संबंधी जानकारी साझा न करने किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

■ गुंजन स्कूल में साइबर जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

जिला पुलिस द्वारा साइबर जन-जागरूकता अभियान के अंतर्गत गुंजन स्कूल में साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकगण एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों को वर्तमान में बढ़ते साइबर अपराधों एवं ऑनलाइन फ्रॉड से बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई।

पुलिस अधिकारियों द्वारा बताया गया कि साइबर अपराधी फर्जी कॉल, ओटीपी ठगी, केवाईसी अपडेट के नाम पर लिंक भेजकर, लॉटरी व इनाम का प्रलोभन देकर, सोशल मीडिया हैकिंग एवं शेयर ट्रेडिंग-टेलीग्राम के माध्यम से लोगों को ठगने का प्रयास करते हैं। कार्यक्रम में निम्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष रूप से जागरूक किया गया। किसी भी व्यक्ति को ओटीपी, पासवर्ड या बैंक संबंधी जानकारी साझा न करें। अंजान व्यक्ति के साथ अपनी फोटो या निजी जानकारी साझा न करें। किसी भी प्रकार के लालच या "फ्री ऑफर" के झांसे में न आएं। केवल अधिकृत प्ले स्टोर से ही ऐप एवं गेम डाउनलोड करें। किसी भी अंजान लिंक को क्लिक न करें, इससे मोबाइल हैक हो सकता है। टेलीग्राम, ऑनलाइन निवेश या शेयर ट्रेडिंग के नाम पर आने वाले प्रस्तावों से सतर्क रहें। सोशल मीडिया अकाउंट को सदैव प्राइवेट रखें एवं अंजान व्यक्तियों को फॉलो न करें। आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक जैसी गोपनीय जानकारी साझा न करें। डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई कानूनी प्रक्रिया नहीं होती, ऐसे कॉल से सावधान रहें।

---

## संत गाडगे महाराज के आदर्शों को अपनाने लिया संकल्प




**अकलतरा।** ग्राम पोड़ी दल्हा में संत गाडगे महाराज की 150वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित होकर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय रजक महासंघ के अध्यक्ष पितरेश उजागर, सचिव सरोज कुमार निर्मलकर, रसेड़ा परिक्षेत्र के पूर्व अध्यक्ष मनहरन निर्मलकर सहित सदस्य दुखीराम निर्मलकर, कृष्ण कुमार निर्मलकर, जेठूराम निर्मलकर, अशोक निर्मलकर एवं महेंदर निर्मलकर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में शकुंतला निर्मलकर, बड़े नोनी, सरस्वती उजागर, कविता निर्मलकर और शोभा निर्मलकर सहित अन्य महिलाओं की भी सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने संत गाडगे महाराज के जीवन, उनके सामाजिक सुधार कार्यों तथा स्वच्छता, शिक्षा और सामाजिक समानता के संदेशों पर प्रकाश डाला। उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों को अपनाने और समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। समापन सामूहिक श्रद्धांजलि और समाज के उत्थान के संकल्प के साथ हुआ।

---

## संत कबीर ने समाज को एकजुट करने किया कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगाकोहरौद

डोंगाकोहरौछ में आयोजित तीन दिवसीय कबीर सत्संग का समापन हुआ। इसमें देश के कोने-कोने के संत शामिल हुए। मुख्य प्रवक्ता गुरुदेव परीक्षा साहेब कबीर

■ तीन दिवसीय कबीर सत्संग महोत्सव का हुआ समापन

आश्रम जियनपुर उत्तरप्रदेश अपनी संत मण्डली के साथ पहुंचे।

तीन दिवसीय सत्संग समारोह डोंगाकोहारौद में बुधवार को संत समागम समापन हुआ। समापन सत्र की अध्यक्षता कुमार साहेब एवं कबीर परंपरा के प्रख्यात उपदेशक संत परीक्षा साहेब ने की। संत परीक्षा साहेब ने अपने उद्बोधन में कहा कि यदि मध्यकाल में संत कबीर का प्रादुर्भाव नहीं हुआ होता, तो आज भारत और भी अधिक टुकड़ों में बंटा होता। जातिगत विघटन के दौर में संत कबीर ने समाज को एकजुट करने का कार्य किया। आज उनके अनुयायियों को उनके पदचिन्हों पर चलकर समाज में समरसता और एकता स्थापित करनी चाहिए। प्रयागराज से आए संत प्रमोद साहेब ने कहा कि




संत समागम में उपस्थित लोगों को सत्संग सुनाते परीक्षा साहेब एवं अन्य वक्ता।

"मनुष्य का शरीर अष्ट कमल दल से निर्मित है, जिसमें चार माता और चार पिता के तत्व हैं। अतः माता-पिता और गुरु की पूजा अनिवार्य है। कराई नारा कोरबा से पहुंचे संत संकल्प साहेब ने सत्संग की महत्ता बताते हुए कहा कि, "सत्संग व्यक्ति को अंतर्मुखी बनाता है और जीवन को सार्थक करता है। यह मृत्यु को भी उत्सव में बदलने की शक्ति रखता है। कांकेर से आए संत संतोष साहेब ने कहा कि विरोध का उत्तर संयम और सकारात्मकता से देना चाहिए। विजय साहेब इराईकला ने का धर्म के प्रति सहयोग हमेशा बना रहा। समापन सत्र में संत कुमार साहेब , करखड़ी गुजरात से,हीरा साहेब, करुणेंद साहेब, भुनेश्वर साहेब, जवाहर साहेब , कन्हैया साहेब, रामशंकर साहेब, राजवंत साहेब, घनश्याम साहेब से आए हुए संतों ने अपने विचार व्यक्त किया। सत्संग का संचालन कुमार साहेब ने किया। समापन अवसर पर संतों व भक्तों ने की। कार्यक्रम को सफल बनाने में गोविंद साहेब, चमन साहेब, राजाराम पटेल, जागेश्वर साहेब, कन्हैया साहेब, मिठाई लाल कौशिक , शिवचरण साहेब और रमाकांत पटेल, सूरज साहू, तमेश कुमार श्रीवास, योगेश्वर साहू शिवकुमार यादव, महेश्वर विश्वकर्मा सहित आयोजन समिति के सभी सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

---

## विधायक के प्रयास से सड़क, पुल, स्टेडियम और सहित कई विकास कार्य स्वीकृत

**अकलतरा।** अकलतरा विधानसभा क्षेत्र के लिए इस वर्ष के बजट में अनेक महत्वपूर्ण विकास कार्य शामिल किए गए हैं। विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के लगातार प्रयासों के परिणामस्वरूप खेल, शिक्षा, सड़क, सिंचाई और औद्योगिक विकास से जुड़े कई बड़े प्रोजेक्टों को स्वीकृति मिली है।बजट में शामिल कार्यों के अनुसार ग्राम कापन में मिनी स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा, वहीं बलौदा क्षेत्र के ग्राम रसोटा में नवीन



औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना की जाएगी, इसी तरह बहेरापाली से बड़े अमेरी तक पहुंच मार्ग (कोटमीसुनार) में सड़क निर्माण, छोटे मधईपुर में प्राथमिक शाला भवन निर्माण तथा कई गांवों में पुल निर्माण के कार्य भी स्वीकृत किए गए हैं। पुल निर्माण में जर्वे, छितापाली, रसोटा, हरदी विशाल नहर, कोटमी सुनार-बड़े अमेरी कर्रा नाला, पहरिया-फरसवानी , बोकरामुड़ा नाला और कापन-मुडपार के बीच नाले शामिल हैं।सिंचाई सुविधा बढ़ाने के लिए सांकर एवं परसदा में एनिकट निर्माण, आरसमेटा सहित कई बांधों व नहरों के जीर्णोद्धार कार्य भी बजट में जोड़े गए हैं।इसके अलावा तिलई-मुडपार, कापन रामपुर मार्ग, नवागांव-कलमीटार, पहरिया-खरमोरा, बुढ़ना-मुक्त्ता, बुडगहन-मुड़ा भांठापारा, घाटाद्वारी-करमन्दा सहित अनेक ग्रामीण सड़कों के निर्माण को भी स्वीकृति दी गई है। विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि आने वाले समय में इन कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति शीघ्र दिलाने के लिए प्रयास किए जाएंगे।

---

## पार्टी की जन-कल्याणकारी नीतियों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने करें काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

■ भाजपा जिला कार्यालय में ओबीसी मोर्चा का प्रथम परिचयात्मक बैठक आयोजित

भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा का प्रथम परिचयात्मक बैठक का आयोजन भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में आयोजित की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष चुन्नी लाल साहू एवं विनय साहू प्रदेश मंत्री उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने किया।

कार्यक्रम में शीर्ष नेतृत्व ने छत्तीसग़ढ में पिछड़ा वर्ग मोर्चा का भारतीय जनता पार्टी में भूमिका पर प्रकाश डालते हुए नवादायित्वान कार्यकर्ताओं में जोश खरोश भरने के साथ ही पार्टी के प्रति अपनी कृतज्ञता रखने की अपील की है। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा अन्य पिछड़ा वर्ग समुदाय को भाजपा की विचारधारा से जोड़ने, पार्टी की जन-कल्याणकारी नीतियों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने और उनके सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण हेतु कार्य करता है। यह मोर्चा घर-घर जाकर केंद्र/राज्य सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूकता फैलाता है, समाज की समस्याओं का समाधान कराता है, और संगठनात्मक विस्तार में अहम भूमिका निभाता




मोर्चा के नए पदाधिकारियों का सम्मान करते भाजपा जिलाध्यक्ष।

है। कार्यक्रम के माध्यम से संगठनात्मक व्यवस्था एवं कर्तव्य परायणता का संकल्प भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा के समस्त कार्यकर्ताओं ने लिया। साथ ही नवदायित्वान पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला जांजगीर चांपा के समस्त पदाधिकारियों का साल श्री फल एवं पुष्पमाला से स्वागत किया गया। साथ ही जिले के 13 मंडलों के ओबीसी मोर्चा के प्रभारियों की भी नियुक्ति की गई। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला अध्यक्ष नरेंद्र कौशिक, भाजपा जिला महामंत्री नन्द चौधरी, श्रीमती नंदनी राजवाड़े, मुकेश जायसवाल, नीलम सोनी, पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, जिला प्रवक्ता विकास शर्मा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला महामंत्री द्वय कमल साहू एवं मनोज यादव के साथ सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

## चिल्हर वितरण...




**नैला-जांजगीर।** पंजाब नेशनल बैंक नैला द्वारा व्यापारियों एवं नगरवासियों की मांग पर ब्रांच मैनेजर भूपेन्द्र कुमार साहू द्वारा चिल्हर सिक्कों का वितरण बुधवार 25 फरवरी को शाखा में किया गया। इस दौरान करीब 8 लाख रुपए के सिक्के बांटे गए। फोटो : हरिभूमि

---

# ज्ञान तभी सार्थक जो समाज हित में हो : पांडेय

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

■ टीसीएल कालेज में वार्षिकोत्सव के दौरान रंगारंग प्रस्तुति से मंत्रमुग्ध हुए दर्शक

शासकीय टीसीएल कॉलेज जांजगीर में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसपी विजय पाण्डेय थे। विशिष्ट अतिथि एमएमआर पीजी कॉलेज चांपा के प्राचार्य डॉ एचपी खैरवार थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ डीआर लहरे ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। इसके पश्चात छात्रसंघ प्रभारी डा. एमएल पाटले ने महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने विद्यार्थियों की उल्लेखनीय सफलताओं और महाविद्यालय की



कार्यक्रम को संबोधित करते पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय।

प्रगति पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि एसपी विजय पाण्डेय ने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम और सकारात्मक सोच अपनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है और शिक्षा के साथ-साथ चरित्र निर्माण भी अत्यंत आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि डॉ एचपी खैरवार ने विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धात्मक परीक्षाओं के लिए निरंतर प्रयासरत रहने तथा आत्मविश्वास बनाए रखने की सलाह दी। अध्यक्षीय उद्बोधन में प्राचार्य डॉ डीआर लहरे ने महाविद्यालय परिवार की सामूहिक मेहनत को सफलता का आधार बताया। उन्होंने कहा कि अध्यापन के साथ सांस्कृतिक गतिविधि भी जरूरी है इससे विद्यार्थियों की प्रतिभा निखरती है। कार्यक्रम के दौरान वर्ष 2024- 25 में कालेज में सर्वोच्च अंक पाने वाले विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ कोमल शुक्ला, डा इंदु साधवानी और डॉ क्षितिज चौहान एवं आभार प्रदर्शन प्रो राजेश दुबे ने किया। इस अवसर पर प्रो आरएस भगत, डा मंजूलता कश्यप, डा पीके सिंह, डा एसके मधुकर, डा एमआर बंजारे, डा अभय सिन्हा, ओपी सिंह, प्रो पूर्णिमा सूर्यवंशी, धनेश्वरी पटेल, डा पुष्पा सिंह, विधायक प्रतिनिधि आकाश तिवारी, आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य जीपी चौरसिया, सुजल राठौर, श्रद्धा सोनी हर्ष शुक्ला, सहित बड़ी संख्या प्राध्यापक, छात्र छात्र व कालेज स्टाफ के लोग उपस्थित थे। वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों ने लोकनृत्य, नाटक, गायन आदि की प्रस्तुति दी जिन्हें लोगों ने खूब सराहा।

